आकाशवाणी

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 10.12.2025 समय : 07.10PM

## मुख्य समाचार

- **मुख्यमंत्री** ने आज **लोक निर्माण विभाग** की समीक्षा बैठक में कहा- हर सड़क और हर पुल **विकास** को सीधे आम लोगों तक पहुँचाने का माध्यम है।
- **एसआईआरके** अंतर्गत प्रदेश के **सभी जिलों** में **मतदाता गणना पत्रकों** का सत **प्रतिशत डिजिटाइजेशन** का कार्य हुआ पूरा।
- **जलवायु से जुड़ी चुनौतियों** से निपटने और **वित्तीय संसाधन** जुटाने के लिए भोपाल में **कार्यशाला** आयोजन।
- प्रदेश में **कड़ाके की ठंड का असर** जारी, **25** शहरों में न्यूनतम तापमान **10 डिग्री सेल्सियस से नीचे**।

## समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सड़कें और पुल केवल यातायात का साधन नहीं, बल्कि जनता के जीवन को सुरक्षित और सरल बनाने का माध्यम हैं। मंत्रालय में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हर सड़क, हर पुल और हर परियोजना सरकार की उस सोच का हिस्सा है, जिससे विकास सीधे आम लोगों तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने विभाग के कामकाज की सराहना करते हुए कहा कि बीते दो वर्षों में लोक निर्माण विभाग ने गति, गुणवत्ता, पारदर्शिता और तकनीकी नवाचार के नए मानक स्थापित किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक निर्माण विभाग का लक्ष्य है—**लोक निर्माण से लोक कल्याण**।

## लोकसभा-चुनाव सुधार चर्चा

लोकसभा में आज चुनाव सुधारों को लेकर एक बार फिर तीखी बहस देखने को मिली। चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस नेता **मनीष तिवारी** ने कहा कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र की आत्मा है और उस पर किसी भी तरह का हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं हो सकता। कांग्रेस नेता **के.सी. वेणुगोपाल** ने आरोप लगाया कि **निर्वाचन आयोग पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रहा है**। इसके बाद

चर्चा का जवाब देते हुए **गृहमंत्री अमित शाह** ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ..

<u>अंतर्राष्ट्रीय मानव दिवस</u>

अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर आज भोपाल स्थित आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में महिला सशक्तिकरण एवं मानव अधिकार विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर मौजूद रहे। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगत्तर काम करेगी .

<u>एसआईआर</u>

निर्वाचन आयोग ने बताया है कि **विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर** के दूसरे चरण में अब तक मतदाताओं के बीच 50 करोड़ 96 लाख से अधिक मतदाता गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। यह संख्या इस चरण में शामिल होने वाले लगभग 51 करोड़ मतदाताओं का 99 दशमलव नौ आठ प्रतिशत है।

एसआईआर के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में मतदाता गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन 100 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। मंदसौर जिला उपनिर्वाचन अधिकारी एकता जायसवाल ने बताया कि ...

मतदाताओं और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से 11 दिसंबर तक आपत्तियाँ ली जाएगी। 16 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

<u>दीपावली– यूनेस्को</u>

भारत के प्रमुख सांस्कृतिक और आध्यात्मिक त्योहारों में से एक, दीपावली को आज संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन – यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया है। इसकी घोषणा करते हुए संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि यह प्रत्येक भारतीय के लिए एक भावुक क्षण है। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल मनाई ही नहीं जाती, बल्कि इसे पीढ़ियों तक महसूस किया जाता है।

हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि दीपावली एक जीवंत विरासत बनी रहे, न कि समय के साथ लुप्त होती स्मृति। हमारे बच्चों को यह जानना चाहिए कि हम दीपक क्यों जलाते हैं, न कि केवल कैसे जलाते हैं। उन्हें यह जानना चाहिए कि दीपावली रामराज्य का त्योहार है। यही सुशासन है। अनिश्चितताओं से भरी इस दुनिया में, दीपावली हमें याद दिलाती है कि दीपक भले ही एक हो, लेकिन उसका प्रकाश हम सभी के लिए है।

कार्यशाला

प्रदेश में जलवायु से जुड़ी चुनौतियों से निपटने और वित्तीय संसाधन जुटाने को लेकर भोपाल में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन डब्ल्यूआरआई इंडिया ने पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन यानी एप्को और क्लाइमेट पॉलिसी इनिशिएटिव के सहयोग से किया। इसमें राज्य के विभिन्न विभागों, शोध संस्थानों, वित्तीय और शैक्षणिक संगठनों के विशेषज्ञ शामिल हुए।

विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में आज दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के ब्रोशर **"एनआरएम-2026"** का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। **नेशनल रिसर्च मीट–2026** का आयोजन 12 से 14 फरवरी तक भोपाल में किया जाएगा।

**मौसम**

प्रदेश में कड़ाके की ठंड का असर लगातार बना हुआ है। सर्द हवाओं की वजह से रात का तापमान तेजी से गिरा है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर समेत प्रदेश के **25 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे** दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने प्रदेश में **अगले दो दिनों तक शीतलहर का अलर्ट** जारी किया है। शहडोल जिले का **कल्याणपुर लगातार तीसरे दिन सबसे ठंडा** रहा, जहां न्यूनतम तापमान **4.7 डिग्री सेल्सियस** दर्ज किया गया। भोपाल में रात का तापमान 7.2 डिग्री, इंदौर में 6.1, ग्वालियर में 9, उज्जैन में 9.5 और जबलपुर में 8.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

न्यायालय - गोवा लूथरा परिवार जमानत

गोवा के एक नाइटक्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत की घटना के बाद क्लब के मालिकों को दिल्ली की अदालत ने अंतरिम जमानत नहीं दी है। नाइटक्लब के मालिक सौरभ और गौरव

लूथरा ने सुनवाई के लिए ट्रांजिट जमानत याचिका दायर की थी। अभियुक्तों की इस याचिका पर सुनवाई कर रही अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वंदना ने इनसे जवाब मांगा और अगली सुनवाई की तारीख कल के लिए निर्धारित की।

6 दिसंबर की रात को हुई त्रासदी के बाद लूथरा बंधुओं ने थाईलैंड के फुकेत में शरण ली थी। उनके खिलाफ इंटरपोल का ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

- देवास जिले में स्वच्छता मिशन के तहत आज स्वच्छता मित्रों को स्वच्छता किट प्रदान कर वॉश ऑन व्हील योजना की शुरुआत की गई।
- नीमच ज़िले में 13 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जा रही है।
- नर्मदापुरम जिले में आज उद्यमिता शिविर और रोजगार काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 100 विद्यार्थियों ने 30 विभिन्न स्टॉल लगाए, जबकि 316 छात्रों ने करियर काउंसलिंग कार्यशाला में पंजीकरण कराया।
- अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आज सीहोर में मानव अधिकार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- कटनी में ठंड को देखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है।
- आगरमालवा जिला परिवहन कार्यालय द्वारा आज निःशुल्क लर्निंग लायसेंस केम्प में 78 छात्राओं के लर्निंग लायसेंस बनाये गये।
- झाबुआ में आज **अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस** पर मजदूरों के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किया।
- **शिवपुरी जिले में** ने पंच, सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य पदों के उप निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये।

-----------------------------------